# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,खण्ड,कार्यालय उत्तरप्रदेश जलनिगम, भदोही–221304
E-Mail Id-eeupjnsrn@gmail.com CUG Mobile No.- +91 9473942678

पत्रांक 2568 / कार्य - 65 / 19 दिनांक– 03.06.2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण)
उ0प्र0 जल निगम,
6–राणा प्रताप मार्ग
लखनऊ।

विषय :– **दैनिक भास्कर के ई0–पेपर न्यूज मे दिनांक 02.06.2026 को प्रकाशित "जल जीवन मिशन की टंकी दो साल से अधूरी : मतेथू मे पेयजल आपूर्ति बाधित ,ग्रामीणों ने उठाए सवाल " के सम्बन्ध मे ।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक दैनिक भास्कर के ई0–पेपर न्यूज मे दिनांक 02.06.2026 को प्रकाशित **"जल जीवन मिशन की टंकी दो साल से अधूरी : मतेथू मे पेयजल आपूर्ति बाधित ,ग्रामीणों ने उठाए सवाल "** के सम्बन्ध में सादर अवगत कराना है कि सामाचार में प्रकाशित खबर जनपद भदोही के विकास खण्ड अमोली स्थित ग्राम पंचायत मतेथू से सम्बन्धित वीरभद्रपट्टी पेयजल योजना के कार्य पूर्ण न होने सम्बन्धी नकारात्मक न्यूज प्रकाशित किया गया है।

प्रश्नगत योजना में 01 नग नलकूप, 01 नग पम्प हाउस, 01 नग शिरोपरि जलाशय, सोलर पैनल, बाउण्ड्रीवाल, पाइप लाइन 19.73 कि0मी0 एवं गृह जल संयोजन 987 नग का कार्य प्रस्तावित है। प्रस्तावित कार्यो के सापेक्ष नलकूप,,पम्प हाउस, बाउण्ड्रीवाल, सोलर पैनल एवं शिरोपरि जलाशय का कार्य पूर्ण हो चुका है। गृह जल संयोजन 870 नग एवं पाइप लाइन 19.73 किमी0 के सापेक्ष 19.52 किमी0पूर्ण कर लिया गया हैं, शेष कार्य प्रगति पर हैं। योजना में प्रस्तावित समस्त कार्य को दिसम्बर 2026 तक पूर्ण कर योजना को क्रियाशील एवं जन उपयोगी कर दिया जायेगा।

अतः उपरोक्तानुसार आख्या आप महोदय की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित है।

**<u>संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।</u>**

भवदीय
Digitally signed by
RAJBALI
Date: 03-06-2026
13:43:00
(राजबली)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0स0 व दिनांक यथोक्त।
प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य अभियन्ता (वा0क्षे0 ), उ0प्र0 जल निगम, (ग्रामीण) वाराणसी ।
2. अधीक्षण अभियन्ता मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम ग्रामीण मीरजापुर।
3. सम्बन्धित सहायक अभियन्ता /जूनियर इंजीनियर।
4. मेसर्स वेलस्पन इण्टर प्राइजेज , भदोही।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner